प्रेस नोट
दिनांक- 17.04.2026
जनपद- गोण्डा

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत “पोषण पखवाड़ा 2026” के अवसर पर महिला सुरक्षा एवं पोषण जागरूकता का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न-

जनपद गोण्डा में संचालित “मिशन शक्ति” अभियान के अंतर्गत “पोषण पखवाड़ा 2026” (दिनांक 09 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026 तक) के अवसर पर दिनांक 17.04.2026 को जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में एक वृहद जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के पोषण के साथ-साथ महिला सुरक्षा के प्रति व्यापक जनजागरूकता स्थापित करना रहा। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल, जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा अपने संबोधन में महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा गया कि समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर (1090, 1930, 112, 181 आदि) के बारे में विस्तार से बताया तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। तथा उपस्थित सभी वर्गों- अस्पताल कर्मियों, शिक्षकों, छात्रावास प्रबंधकों एवं व्यापार मंडल के सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति सजग रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही महिलाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने एवं सुरक्षित वातावरण निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान **पोषण पखवाड़ा** के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के समुचित पोषण, एनीमिया की रोकथाम, टीकाकरण, स्वच्छता एवं कुपोषण से बचाव के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। “जीवन के प्रथम 1000 दिन” के महत्व पर विशेष बल देते हुए संतुलित आहार अपनाने हेतु जागरूक किया गया।

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी अपने संबोधन में कुपोषण उन्मूलन हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से इनका लाभ उठाने की अपील की गई।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, आशा बहुएं, शिक्षा/चिकित्सा विभाग के कर्मचारीगण एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा एवं कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण हेतु जागरूक रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की गई।

जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा आमजन से भी अपील की गई कि वे “मिशन शक्ति” एवं “पोषण पखवाड़ा” जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सुरक्षित, स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

कार्यक्रम में जनपद के अस्पतालों, कॉलेज/स्कूल, महिला छात्रावासों के कर्मचारीगण, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि/सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

मीडिया सेल, गोण्डा।